>

Title**:** Need to give licences to Sugar Mills in Maharashtra.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी): मेरे गृह राज्य महाराÂष्ट्र में 19 मई , 2007 को कई शुगर मिलों के लाइसेन्स रद्द कर दिये गये हैं। इस सम्बन्ध में केन्द्र सरकार ने कोई कारण नहीं बताया हैं। महाराष्ट्र में गन्ने के उत्पादन को देखते हुए शुगर मिलों का होना और उनका काम करना अति आवश्यक है। इन शुगर मिलों के न होने से गन्ने की क्रूसिंग नहीं हो पाई और लोगों को गन्ना जलाना पड़ा एवं सरकार को 25 हजार रूपये का हर्जाना प्रति हैक्टर के हिसाब से देना पड़ा है। महाराÂष्ट्र के विकास में और यहां के किसानों को आगे बढ़ाने में शुगर मिलों ने अहम् भूमिका निभाई है। इस सम्बन्ध में सरकार की क्या नीति है इसके बारे में कुछ नहीं बताया गया है। इन मिलों को जल्द खोले जाने के लिए लाईसेन्स दिया जाना अति आवश्यक है। इस सम्बन्ध में जो भी प्रक्रिया है, उसको तत्काल किसान और शुगर मिलों के हित में जल्द लागू किया जाये जिससे ये शुगर मिलें खुल सकें।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि महाराÂष्ट्र में गन्ने की क्रूसिंग को चालू करने के लिए शुगर मिलों को जल्द से जल्द लाईसेन्स दिये जायें।